## संक्षिप्त

### सेमिनार आज

**जोधपुर, (कासं)** । आयुर्वेदिक औषध निर्माताओं को युगानुकूल संदर्भ में सरकारी नियमों के प्रति जागरुकता के लिए आगामी मंगलवार को एक ओनलाइन सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। ड्रग रूल 170 के बारे में व्यवहारिक जानकारी के लिए यह सेमिनार आयोजित की जा रही है। जिसमें औषध निर्माण विशेषज्ञों द्वारा आयुष औषधियों के निर्माण,भंडारण और विज्ञापन से संबंधित नियमों की जानकारी दी जाएगी। विश्व आयुर्वेद परिषद और आयुर्वेदिक मैन्युफैक्चरर एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में यह वेबिनार आयोजित की जा रही है। जिसमें प्रदेशभर के फार्मेसी संचालकों के साथ औषध निर्माण में रुचि रखने वाले चिकित्सक भी भाग लेंगे। विश्व आयुर्वेद परिषद-औषधी निर्माता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक हरिराम रिणवा ने बताया कि इस कार्यशाला में आयुष मंत्रालय( भारत सरकार) की आयुष फार्माकॉपिया कमेटी के सलाहकार डॉ रामपाल सोमानी, राजस्थान के सहायक औषधि नियंत्रक डॉ समयसिंह मीणा, पूर्व अनुज्ञापन अधिकारी डॉ अमरसिंह कविया ड्रग रूल्स के संदर्भ में प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।

### नर्सेज दिवस मनाया

**जालौर, (कासं)**। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र जालौर में अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । एम सी एच नर्सिंग अधीक्षक पुष्पेंद्र भारती ने बताया कि इस अवसर पर नर्सिंग ट्रेनिंग सेंटर जालौर की पूर्व प्रधानाचार्य मिनी डी फ्रांसिस ने शिशु वार्ड में भीषण गर्मी के चलते जंबू कूलर भेट किया गया जंबू कूलर भेट करने पर मिनी डी फ्रांसिस का आभार जताया । इस अवसर पर डॉ अभिषेक पटेल विरमाराम राणा गुलजार अली, गौतम कुमार चंपालाल, मुश्ताक अली मोहम्मद साजिद ,विनोद राठौर, नीतू गर्ग, उषा खेडड,किशोर कुमार, चंपालाल परमार, राजकुमार, असलम शेख, विनय चौहान सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहे ।

### भील समाज हित में कार्य करने की मांग

**रेवदर (निसं)**। रेवदर ग्राम पंचायत के राणा चौक में सौंदर्यकरण के शुरू हुए कार्य में भारी अनियमितता और वार्डवासियो के हित को लेकर कार्य नहीं करने एवं भील समाज की भावनाओं अनुरूप कार्य नहीं करने को लेकर भील समाज, वार्ड वासी और बुद्धिजीवियों ने विकास अधिकारी को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में बताया कि शिलान्यास में जिला प्रमुख ने जनभावना के अनुरूप कार्य करने की बात कही लेकिन मौके पर भारी अनियमितता बरतते हुए कार्य शुरू हुआ।

### आदेश वापस लिया गया

**जोधपुर (कासं)** । जिला कलक्टर के निर्देशानुसार जिले में पूर्व में घोषित समस्त राजकीय, गैर-राजकीय विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, निजी कोचिंग संस्थानों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में अध्ययनरत विद्यार्थियों हेतु अवकाश संबंधी आदेश को तुरंत प्रभाव से प्रत्याहारित किया गया है। जारी नवीन आदेशानुसार, अब जिले के समस्त प्रकार के शैक्षिणक संस्थान 13 मई से नियमित रूप से शैक्षिणक गतिविधियाँ संचालित कर सकेंगे।

### अहमद ने पद किया ग्रहण

**जालोर, (कासं)**। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी पद पर सोमवार को आरएएस एजाज अहमद कार्यग्रहण किया। कार्यग्रहण करने पर अहमद ने बताया कि मेरी पहली प्राथमिकता अल्पसंख्यक वर्ग की योजनाओं से लोगो को लाभान्वित करना होगा ।

# आधुनिक नर्सिंग प्रोफेशन की जन्मदात्री फ्लोरेंस नाइटेंगल का जन्मदिवस मनाया




**जालौर के राजकीय नर्सिंग महाविधालय में नर्सेज दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये ।**

**जालोर, 12 मई(कासं)** । आधुनिक नर्सिंग प्रोफेशन की जन्मदात्री फ्लोरेंस नाइटेंगल के जन्मदिवस के अवसर पर अंतराष्ट्रीय नर्सेज दिवस कार्यक्रम का आयोजन राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय एवं जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण केंद्र जालोर में कैंडल लाइट सेरेमनी एवं फ्लोरेंस नाइटेंगल शपथ ग्रहण समारोह के साथ किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजकीय नर्सिंग स्कूल की पूर्व प्रिंसिपल मिनी डी फ्रांसिस, राजकीय चिकित्सालय के नर्सिंग अधीक्षक विशनाराम गर्ग ने शिरकत की।अतिथियों द्वारा नर्सिंग की जन्मदात्री फ्लोरेंस नाइटेंगल एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्वलन एवं ईश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई।नर्सिंग कॉलेज प्राचार्य डॉ.पवन ओझा ने कार्यक्रम ने आये अतिथियों का अभिनन्दन करते हुए अपने स्वागत उद्बोधन में बताया कि यह दिन दुनिया भर में स्वास्थ्य क्षेत्र में नर्सिंग के योगदान को पहचानने और सम्मान देने के लिए समर्पित है। यह विशेष दिन न केवल आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती मनाता है, बल्कि वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों में नर्सो की अमूल्य भूमिका की याद भी दिलाता है। मुख्य अतिथि राजकीय नर्सिंग स्कूल की पूर्व प्रिंसिपल मिनी डी फ्रांसिस ने प्रशिक्षणार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस की शुभकामनाएं देकर संबोधित करते हुए कहा कि नर्सिंग एक विशिष्ट और आदर्श प्रोफेशन हैं, क्योंकि एक नर्स हमेशा अपनी सर्वश्रेष्ठ सेवाएं देने और मरीजों को ठीक करने में निस्वार्थ रही हैं।वह संपूर्ण मानव समाज को देखभाल और स्नेह के बंधन से बांधती है। नर्सिंग का दायरा केवल अस्पताल तक सीमित नहीं है। एक नर्से पूरी दुनिया में मानव जीवन को बचाने में सबसे महत्वपूर्ण योगदान देती है।जीएनएमटीसी प्रधानाचार्य शिव कुमार दवे ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता रहे विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि इन अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं को एक महान सलामी की आवश्यकता है, इसलिए आज एक नर्स का सम्मान करने और उसकी सराहना करने के लिए कुछ समय जरुर निकालें।

विशिष्ट अतिथि राजकीय चिकित्सालय के नर्सिंग अधीक्षक विशनाराम गर्ग ने राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय एवं जीएनएमटीसी के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग सप्ताह के दौरान की गयी विभिन्न गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस दुनिया भर की नर्सो के अथक परिश्रम को सम्मान और मान्यता देने का दिन है। वरिष्ठ फैकल्टी मोहनसिंह गुर्जर ने बताया कि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.पवन ओझा द्वारा प्रथम वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों को लैंप लाइटिंग सेरेमनी के साथ नाइटेंगल शपथ दिलायी गयी। विभिन्न साप्ताहिक गतिविधियों में विजेता रहे प्रशिक्षणार्थियों को भी कार्यक्रम के दौरान पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा कई मनमोहक नृत्य, गायन, नाट्य प्रस्तुतियाँ दी गयी। कार्यक्रम का संचालन फैकल्टी सुरेश गर्ग द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान नर्सिंग कॉलेज प्राचार्य डॉ.पवन ओझा,जीएनटीसी प्रधानाचार्य शिव कुमार दवे ,नर्सिंग फैकल्टी मोहन सिंह गुर्जर,यशवंत पुंसल,सुरेश गर्ग ,डिंपल गर्ग ,भूपेन्द्र कुमार ,कमलेश कुमार ,विजयलक्ष्मी दवे सहित कई संख्या में स्टाफ एवं प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे।

## फ्लोरेंस नाइटेंगल को किया श्रद्धा से याद

**जालोर (कासं)**। किसी के घाव को मरहम दिया है, जो तुमने खुदा की बंदगी की है। ऐसे ही सेवा भावना की साक्षात प्रतीक फ्लोरेंस नाइटेंगल का जन्म दिवस सोमवार को सामान्य चिकित्सालय जालौर में चिकित्सा अधिकारी डॉ.विकास काला व डॉ.सूरज राजपुरोहित के मुख्य आतिथ्य में अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस के रूप में श्रद्धा के साथ फ्लोरेंस नाइटिंगेल की तस्वीर पर पुष्पांजलि एवं कैंडल जलाकर मनाया गया । साथ में उनके द्वारा दी गई नर्सेज सेवा को याद किया गया। फ्लोरेंस नाइटेंगल ने बीमार लोगों को ठीक करने के लिए बहुत से कार्य किया, वो लेडी ऑफ द लैंप के नाम से भी जानी गई ।उन्होंने अस्पताल की हालत सुधारने के लिए सतत प्रयास किया। नर्सेज की जन्मदातरी लेडी विथ द लैंप फ्लोरेंस नाइटिंगेल ने बिना स्वार्थ मरीजों की सेवा करके मानवता का परिचय दिया। इस तरह हम सभी नर्सिंग ऑफिसर को भी चिकित्सालय में आने वाले मरीजों की निस्वार्थ भाव से सेवा करनी चाहिए। इस अवसर पर चिकित्सालय जालौर के सभी चिकित्सकों ने चिकित्सालय के नर्सिंग ऑफिसर को नर्सेज दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नर्सिंग अधीक्षक विशनाराम गर्ग, हजाराम सुनदेशा, ईश्वरलाल नागर, शहजाद खान, छगनलाल गर्ग, रामलाल चौहान, जय श्री पंवार राधेश्याम सोलंकी, अरूणकुमार, गोविन्द कुमार , दरगा राम, गुप्तेश कुमार, मोहमद ताहिर, नवीन कुमार, प्रवीण गर्ग, अशोक कुमार, जाकिर अली, ममता , मनीषा, श्रेयांश सहित नर्सिंग छात्र छात्राएं उपस्थित थे। वही जिला नर्सिंग छात्र संगठन जालोर के तत्वावधान में आहोर में अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस मनाया गया । जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार मेघवाल की अध्यक्षता में फ्लोरैंस नाईटएंगल के जन्मदिवस पर उन्हें पुष्पांजलि के रूप श्रदांजलि प्रदान की गई । इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार मेघवाल , आहोर अध्यक्ष संजय सिंघल, सचिव दिनेश कुमार , राजकुमार मेल नर्स आहोर , अमृत कुमार , ललित कुमार , पुरूषोत्तम रवि कुमार सहित समस्त आहोर हॉस्पिटल के नर्सेज मौजूद रहे ।

## सादगी से मनाया नर्सेज दिवस

**जोधपुर (कासं)** । जोधपुर के सभी अस्पतालों में अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस सादगी से मनाया गया। जिसके तहत महात्मा गांधी अस्पताल, मथुरादास माथुर अस्पताल, जिला अस्पताल प्रताप नगर सहित सभी अस्पतालों में फ्लोरेंस नाइटिंगेल को पुष्पांजलि अर्पित की गई । राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष विजेंद्र सिंह मेड़तिया ने बताया कि इस बार विषम परिस्थितियों के मध्य नजर मुख्य कार्यक्रम निरस्त कर दिए गए थे एवं यह निर्णय लिया गया था कि सभी अस्पतालों में सादगी से अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस मनाया जाए। मेड़तिया ने सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि राजस्थान में टीचर्स कैडर के बाद में नर्सैज बड़ा कैडर होते हुए भी उन्हें समय पर पदोन्नित नहीं मिलती। नर्सिंग अधिकारी पद पर सेवा प्रारंभ करके वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी के पद से अधिकांश नर्सेज सेवानिवृत हो जाते हैं जबकि नर्सिंग अधीक्षक, जिला मुख्य नर्सिंग अधिकारी, उपनिदेशक द्वितीय,उपनिदेशक प्रथम जैसे पद सदैव रिक्त होते हुए भी पदोन्नित नहीं मिल पाती । मेड़तिया ने कहा कि सरकार नर्सेज की इस जायज मांग की ओर संवेदनशीलता से ध्यान देवो।

## जोधपुर शहर को बम से उड़ाने की धमकी

**■ महिला और युवक को पुलिस ने धर दबोचा**

**जोधपुर, 12 मई (कासं)** । भारत पाक के बीच चल रहे तनाव के बीच में सिरफिरे लोग शहर को बम से उड़ाने की धमकी देने लगे है। मानसिक रोगी एक महिला ने मेल के जरिए से शहर को बम से उड़ाने वाली धमकी भेजी तो एक अन्य युवक ने पुलिस नियंत्रण कक्ष में बम से उड़ाने की धमकी दे डाली। पुलिस ने दोनों मामलों में त्वरित कार्रवाई की और दोनों को पकड़ा। महिला को मानसिक रोगी अथवा डिप्रेशन का शिकार बताया गया है। जबकि युवक से पड़ताल जारी है।

पुलिस आयुक्त राजेन्द्र सिंह व पुलिस उपायुक्त जोधपुर पश्चिम राजर्षि राज के निर्देशानुसार व अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त निशान्त भारद्वाज के सुपरविजन में जोधपुर शहर में भ्रामक सूचना देने वालों पर नकेल कसने के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया। इसके तहत महिला और एक युवक को पकड़ा गया है। पुलिस उपायुक्त राजर्षि राज ने बताया कि 10 मई को पुलिस आयुक्त जोधपुर की ई-मेल आईडी पर शहर के विभिन्न स्थानों पर बम ब्लास्ट का एक मेल प्राप्त हुआ। जिस पर विभिन्न टीमों का गठन किया गया। पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त मेल करने वाली महिला को चिन्हित करते हुए पूछताछ की गई। तब पता लगा कि महिला डिप्रेशन में थी और परिवार से परेशान होकर यह मेल कर दिया। महिला के विरूद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की गई है। 11 मई रात नौ बजे पर एक व्यक्ति द्वारा जरिये टेलिफोन पुलिस नियंत्रण कक्ष पर जोधपुर शहर को बम से उडाने की धमकी दी गई थी। जिस पर जोधपुर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए रेलवे, जीआरपी व पाली पुलिस के सहयोग से देर रात्रि यूपी निवासी श्याम यादव पुत्र रामपत यादव को डिटेन कर गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफ अठिम कार्रवाई जारी है।पुलिस की आमजन से अपील की है कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए दूरसंचार या सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक पोस्ट या सूचना नहीं दे ।

## जालोर नागरिक बैंक को मिला राष्ट्रीय पर पुरस्कार

**जालोर, (कासं)**। 9वीं ऑल इन्डिया अरबन कॉ-ऑपरेटिव बैंक समिट 8 व 9 मई को मुम्बई के होटल सहारा स्टार में आयोजित हुई।

इस अवसर पर राजस्थान अरबन बैंक्स फेडरेशन जयपुर तथा जालोर नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष मोहन पाराशर ने प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए अरबन बैंको के उत्थान मे फेडरेशन के योगदान पर व्यापक चर्चा की। उन्होने बताया कि सहकार से समृद्धि के मूल मंत्र को अंगीकार करते हुए नेशनल तथा राज्य स्तरीय फेडरेशन अरबन बैंको के बेहतर कार्य संचालन के लिए केन्द्र तथा राज्य सरकार के सहकारी विभागों से निरन्तर संवाद कर रहे हैं। उन्होने साईबर सिक्योरिटी की चुनोतियों से निपटने के लिए सभी बैंको मे परस्पर समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही उन्होने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर अम्ब्रेला ऑर्गेनाईजेशन के गठन से अरबन बैंको को उन्नत प्रोद्योगिकी के साथ कार्मिकों के प्रशिक्षण व कमजोर बैंकों को आर्थिक सम्बल भी प्राप्त हो सकेगा। उन्होने भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय तथा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अरबन कॉ-ऑपरेटिव बैंकों के प्रति सहयोगात्मक रवैया अपनाये जाने की प्रशंसा करते हुए अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 पर सभी प्रतिभागी बैंको को बधाई दी। इस अवसर पर जालोर नागरिक सहकारी बैंक को शुद्ध ब्याज आय में सर्वाधिक बढोतरी करने के लिए राष्ट्रीय स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बैंक की तरफ से यह प्रतिष्ठित पुरस्कार बैंक अध्यक्ष मोहन पाराशर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी परमानन्द भट्ट, संचालक हेमताराम तथा हरिश माहेश्वरी ने ग्रहण किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी परमानन्द भट्ट ने बताया कि जालोर नागरिक सहकारी बैंक शुद्ध ब्याज आय में वृद्धि की।

## साधारण सभा की बैठक

**पाली** । अणुव्रत समिति पाली की साधारण सभा और वर्ष 2025 -27 के चुनाव आज तेरापंथ सभा भवन में संपन्न हुए ।कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण के द्वारा की गई ।मंगलाचरण शिखरजी चौरडिया, बसंतजी सोनीमंडिया ,अजीजभाई कोहिनूर ने प्रस्तुत किया।

अध्यक्ष सुबुद्धि जी समदड़िया ने जनरल मीटिंग में पधारे सभी सदस्यों का स्वागत भाषण के द्वारा स्वागत किया। मंत्री प्रियंका चोपड़ा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया । कोषाध्यक्ष अध्यक्ष बसंतजी सोनीमंडिया ने आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। सर्वसम्मति से प्रतिवेदन पारित हुआ एवं आगामी वर्ष के लिए चुनाव अधिकारी श्रीमान डूंगरमलजी चोपड़ा, अचलजी चोपड़ा एवं सज्जन जी बाठिया को बनाया गया।सर्वसम्मति से श्रीमान शिखरजी चौरडिया को नवअध्यक्ष मनोनीत किया गया और अणुव्रत दुपट्टा ओढाकर कर उन्हें सम्मानित किया गया।

## आशा सहयोगिनी को नोटिस

**आहोर (निसं)**। आहोर बीसीएमओ ने एक स्वास्थ्य कार्मिक को कार्य के प्रति लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले दिनों हेल्थ सुपरवाइजर फूलाराम ने शहर में औचक निरीक्षण किया था,उस दरम्यान आशा सहयोगिनी नाजूदेवी की उसके कार्य के प्रति लापरवाही सामने आई। इस कार्मिक ने अपने क्षेत्र में विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं में लाभान्वित परिवारों का सही आंकलन नहीं करने व सर्वे कार्य में लापरवाही बरतने की बात सामने आने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस का जवाब दो दिन में देने के लिए पाबंद किया गया है। जवाब नहीं देने पर नियमानुसार कार्रवाई करने की भी हिदायत दी गई है।

## सार-समाचार

### जनसुनवाई में समस्याओं को सुना

**जोधपुर** । संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल एवं राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने सोमवार को लूम्बा की ढ ाणी (सायला) में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही कर आमजन को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। पटेल ने कहा है कि यशस्वी मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार हर वर्ग के उत्थान एवं कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार द्वारा विकसित राजस्थान 2047 विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया जा रहा है, जो प्रदेश को विकसित बनाने के लिए रोडमैप का कार्य करेगा। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा अल्प अवधि में प्रदेश के सड़क तंत्र को मजबूती प्रदान करने की दिशा में 9 हजार 600 किमी से अधिक नवीन सड़कों का निर्माण एवं 13 हजार किमी से अधिक सड़कों का उन्नयन किया गया। उन्होंने कहा आगामी वर्ष में सड़क तंत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए लगभग 7 हजार 690 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा आगामी वर्ष में 20 लाख घरों में पेयजल कनेक्शन दिए जाएंगे। उन्होंने कहा प्रदेश के ठाामीण क्षेत्रों में पेयजल सुविधा के लिए 425 करोड़ रुपये से अधिक की लागत के कार्य करवाए जाएंगे। पटेल ने कहा कि बुनियादी लोक सेवाओं की नियमित एवं निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करना विभागीय अधिकारियों का सर्वोपरि दायित्व है,जिसे संवेदनशीलता एवं पारदर्शिता के साथ निर्वहन करना चाहिए ताकि सुशासन के संकल्प को साकार किया जा सके। उन्होंने आमजन की समस्याओं को सुना तथा संबंधित अधिकारियों से वस्तुस्थिति की जानकारी लेते हुए उनके संतोषपूर्ण एवं त्वरित समाधान के लिए व्यापक दिशा-निर्देश प्रदान किए। मुख्य सचेतक श्री गर्ग ने कहा कि जनता तथा क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के प्रति अधिकारी गंभीरता बरतें तथा जनसेवा की भावना के साथ कार्य करते हुए सुशासन से परिपूर्ण राज-काज का आदर्श प्रस्तुत करें। इसके लिए विभागीय स्तर पर जन समस्याओं के निस्तारण के लिए पहल करें ताकि क्षेत्रवासियों की समस्याओं का निराकरण शीघ्रातिशीघ्र हो सके और इसके लिए उन्हें अनावश्यक देरी का सामना न करना पड़े। इस दौरान पूर्व महापौर जोधपुर घनश्याम ओझा,तहसीलदार सायला लक्ष्मी चौधरी, सायला थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह ताण्डी सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### बुद्ध पूर्णिमा पर रक्तदान किया

**साँचौर, (निसं)**। अम्बेडकर सेवा समिति साँचौर व भारतीय बौद्ध महासभा साँचौर के संयुक्त तत्वावधान में तथागत गौतम बुद्ध की जयंती हर्सोल्लास के साथ मनाई गयी । सेवा समिति के महासचिव कानाराम पारीक ने बताया कि तथागत गौतम बुद्ध की जयंती बुद्ध पूर्णिमा के रूप में मनाई गयी । इस अवसर पर प्रातःकाल शहर के अस्पतालों में भामाशाहों के सहयोग से मरीजों को फलों का दान किया गया । उसके बाद बीलाल अस्पताल साँचौर में 27 रक्तदाताओं ने मानव व राष्ट्र हित में अपने रक्त का दान किया । रक्तदान करने वालों में सेवा समिति अध्यक्ष नरेश पातलिया, बंशीलाल जयपाल, हस्ताराम परमार, प्रकाशकुमार, ईश्वरकुमार, छतराराम धोरावत, बलवंताराम, जगदीशकुमार, नरपतकुमार, अशोककुमार, प्रवीण बौद्ध, कांतिलाल खानवत, चेतनकुमार खानवत, प्रकाशकुमारछ्व, चतराराम, साँवलाराम, रोहितकुमार, डूंगराराम, प्रकाशह, नरपत।।, प्रहलादकुमार, रणछाराम पारीक, पनेश परिहार, अशोककुमार, महेन्द्रकुमार, पोपटलाल मणुवेर आदि शामिल थे । भारतीय बौद्ध महासभा के अध्यक्ष घेवर बौद्ध ने तथागत गौतम बुद्ध के द्वारा बताए गए अष्टांगिक मार्ग पर चलने तथा पंचशील को जीवन में अपनाने पर जोर दिया । सेवा समिति के अध्यक्ष नरेश पातलिया ने युवाओं के द्वारा बढ -चढकर रक्तदान कार्यक्रम में हिस्सा लेने तथा मानवता के लिए अपना रक्तदान देने के लिए आभार व्यक्त किया। बुद्ध जयंती महापर्व के अवसर पर पूर्व अध्यक्ष नेमीचंद खोरवाल, मेघवाल समाज अध्यक्ष भंवराराम खांभु, मूलाराम वाघेला, एड. राजेन्द्र हिंगडा, मोहनलाल पारीक, हीरालाल धोरावत, अर्जुनकुमार परमार, जितेंद्र गोयल, संजय कालमा, भरत धोरावत, मोहनलाल धोरावत, रमेश बाबर, महेन्द्र खानवत, कैलाश खानवत, रमेशकुमार पाँचल आदि कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।


### गौतम बुद्ध की पूर्णिमा मनाई

**आहोर, (निसं)**। शहर धार्मिक क्रांतिकारी संगठन संत रविदास सेवा समिति की ओर से भगवान गोतम बौद्ध की पुर्णिमा सोमवार को अतिथियों द्वारा भगवान बौद्ध की तस्वीर हाथ में रखकर मनाई गई। महापुरुष संत रविदास सेवा समिति ब्लॉक अध्यक्ष उदयराज मेघवाल ने भगवान बौद्ध के बारे में विस्तार से जानकारी देकर कहा कि भगवान बुद्ध का जन्म 563 ईसा पूर्व लुंबिनी, नेपाल में हुआ था। उनके पिता महाराजा शुद्धोधन शाक्य कुल के राजा थे और माता महारानी महामाया कोलीय वंश से थीं। भगवान बुद्ध का जन्म एक लुंबिनी वन में हुआ था, जब उनकी माता अपने नैहर देवदह जाते हुए रास्ते में प्रसव पीडा से गुजरी थीं। उनके जन्म के सात दिन बाद उनकी माता का निधन हो गया था, और उनका पालन-पोषण उनकी मौसी महाप्रजापती गौतमी ने किया था । इस दौरान ंतिकारी समाज सेवी शैषाराम परिहार ने कहा कि आज के दिन भगवान बौद्ध पुर्णिमा बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए एक महत्वपूर्ण त्योहार है जो भगवान बौद्ध के जन्म ज्ञान प्राप्ति और महापरिनिर्वाण की याद में वैशाख महीने की पूर्णिमा के दिन ही ज्ञान प्राप्त हुआ था इसलिए डॉ भीमराव अम्बेडकर ने वैशाख महीने की पूर्णिमा के दिन बौद्ध धर्म अपनाया था। इस मौके पर समाज सेवी मांगीलाल भायल शंकरलाल परिहार पुखराज सिंघल लेराराम सोलंकी लालाराम सिंघल शंकरलाल सिंघल गोपाराम सिंघल सकाराम भादरु बंगाराम सिंघल कुयाराम भादरु समेत कई धार्मिक क्रांतिकारी संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# ओटवाला के ग्रामीणों ने भूमि आवंटन पर लगाया अनियमितता का आरोप

**जालोर, (कासं)**। जालोर के निकट ओटवाला ग्राम के ग्रामवासियों ने सोमवार को ग्राम पंचायत ओटवाला पर सार्वजनिक भूमि के गलत तरीके से आवंटन का आरोप लगाते मुख्य कार्यकारी अधिकारी का ज्ञापन देकर निष्पक्ष जांच की मांग है।

ज्ञापन में ग्रामवासियों का कहना है कि खसरा संख्या 853, जो कि सार्वजनिक उपयोग के लिए आरक्षित गैर-मुमकिन आबादी भूमि है, को पंचायत द्वारा मनमाने ढंग से विभिन्न संस्थाओं को आवंटित किया जा रहा है। सरपंच ने यह निर्णय बिना ग्रामसभा की सहमति व वार्ड पंचों की जानकारी के लिया है। जब ग्रामीणों ने इस संबंध में वार्ड पंचों से बात की, तो उन्होंने भी ऐसी किसी जानकारी से अनभिज्ञता जताई। इससे स्पष्ट होता है कि यह प्रक्रिया पारदर्शिता के विपरीत एवं संदिग्ध है। ज्ञापन में बताया कि ग्रामवासियों ने सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी भी मांगी थी, परंतु पंचायत द्वारा कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं कराया गया। इसके विरोध में ग्रामवासी 16 अप्रैल एवं 23 अप्रैल को संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंप चुके हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि 7 दिवस के भीतर उन्हें आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध नहीं करवाई गईं, तो वे धरना-प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे और उच्च अधिकारियों तक अपनी बात पहुंचाएंगे। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से इस मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन देते समय परबत सिंह, हीरसिंह, नगसिंह, खीमसिंह , प्रताप सुथार, जोरसिंह, कमल सुथार, उतमसिंह, सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।



**ओटवाला ग्राम के ग्रामवासियों ने सार्वजनिक भूमि के गलत तरीके से आवंटन का आरोप लगाते अधिकारी को ज्ञापन दिया।**


प्ररूप-5
(नियम-6(2) देखिए)

**प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय नगरपालिका, मारवाड़ जंक्शन (पाली)**

क्रमांक/69-क/2024-25/106 | दिनांक 07.05.2025

-: आपत्ति सूचना :-

अग्रलिखित आवेदनकर्ताओ द्वारा राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 धारा 69-क के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा प्राप्त करने के लिए व नगरपालिका शहरी क्षैत्र में निहित नजूल भूमि, राजकीय भूमि पर दिनांक 07.05.2025 तक के अतिक्रमण इत्यादि को नियमित करने हेतु कार्यालय नगरपालिका मारवाड़ जंक्शन में नीचे उल्लिखित आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

| क. सं. | प्रार्थी का नाम | कालौनी /मौहल्ले /गली का नाम | क्षैत्र वर्ग मीटर | प्रस्तावित प्रयोजनार्थ | उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री कालुराम पुत्र श्री सुरजमल | माली मोहल्ला | 190.64 | आवासीय | भंवरलाल सोनी का मकान | आम रास्ता | आम रास्ता | रतनलाल के हस्सिे का मकान |
| 2 | श्री रतनलाल पुत्र श्री सुरजमल | माली मोहल्ला | 190.64 | आवासीय | भंवरलाल सोनी का मकान | आम रास्ता | कालुराम के हस्सिे का मकान | आम रास्ता |
| 3 | श्रीमती नाजु देवी पत्नि भंवरलाल | भू. सं. 01 कृष्णा कुंज विस्तार | 116.17 | आवासीय | गली रास्ता व कृषि मंडी | आम रास्ता | भूखण्ड सं. 02 | अन्य भूखण्ड |
| 4 | श्रीमती नाजु देवी पत्नि भंवरलाल | भू. सं. 02 कृष्णा कुंज विस्तार | 116.17 | आवासीय | गली रास्ता व कृषि मंडी | आम रास्ता | भूखण्ड सं. 03 | भूखण्ड सं. 01 |
| 5 | श्री बंशीलाल पुत्र श्री शेषाराम | माली मोहल्ला | 65.05 | आवासीय | भूखण्ड सं. 20 | आम रास्ता | भूखण्ड सं. 32 | भूखण्ड सं. 30 |
| 6 | श्रीमती संतोष देवी पत्नि मुकेश कुमार | निलकंण्ठ विहार कॉलोनी | 167.28 | आवासीय | आम रास्ता | भूखण्ड सं. 72, 73 | भूखण्ड सं. 58 | भूखण्ड सं. 60 |
| 7 | श्री विकास राजपुरोहीत पुत्र श्री हरि सिंह | बाबारामदेव मन्दिर के पास | 185.87 | मिश्रित | भीवराज ओसवाल का भूखण्ड | आम रास्ता | रताराम का भूखण्ड | माया सालवानी, हेमा शर्मा व बेबी का भुखण्ड |
| 8 | श्रीमती पिंकी देवी पत्नि शेषाराम | भू. सं. 61 का भाग वीर दुर्गादास नगर | 111.52 | आवासीय | संगीता का भूखण्ड सं. 61 का भाग | भूखण्ड सं. 59 | भूखण्ड सं. 62 | आम रास्ता |
| 9 | श्रीमती संगीता पत्नि केवलराम | भू. सं. 61 का भाग वीर दुर्गादास नगर | 111.52 | आवासीय | भूखण्ड सं. 63 | पिंकी देवी का भूखण्ड सं. 61 का भाग | भूखण्ड सं. 62 | आम रास्ता |
| 10 | श्री हीना पालरिया पत्नि मुकेश परिहार | चारभुजा नगर, सिविल कोर्ट के सामने | 255.57 | मिश्रित | मुख्य सड़क रास्ता | आम रास्ता | भू. सं. 7 तथा भू. सं. 99 व 100 का आधा भाग | भू. सं. 5 व 98 |
| 11 | श्री मांगीलाल, नारायणलाल, पुत्र श्री पदमाराम, श्रीमती सुखिया देवी पत्नि अचलाराम, | सुर्यनगर | 1471.93 | आवासीय | मांगीलाल व नारायणलाल का भूखण्ड | मांगीलाल व पदमाराम का भूखण्ड | मुख्य सड़क रास्ता | मांगीलाल व नारायणलाल का भूखण्ड |
| 12 | श्री बंशीलाल पुत्र श्री शेषाराम | माली मोहल्ला | 92.93 | आवासीय | आम रास्ता | खसरा नं. 269 की भूमि | भूखण्ड सं. 74 | भूखण्ड सं. 76 |
| 13 | श्रीमती रेखा चौधरी पुत्री श्री हेमराज जी | भीलो का बास | 71.37 | आवासीय | आम रास्ता | लिखमाराम भील का मकान | सीता पत्नि मोहनलाल का मकान | आम रास्ता |
| 14 | श्रीमती दरिया देवी पत्नि रमेश कुमार | खारची | 105.80 | आवासीय | केसाराम का मकान | भेराराम का मकान | सुरेश कुमार का मकान | आम रास्ता |
| 15 | श्री तेजपाल पुत्र श्री आईदान चौधरी | भू. सं. 37 महावीर नगर | 116.17 | आवासीय | आम रास्ता | भूखण्ड सं. 38 | आम रास्ता | भूखण्ड सं. 48 |
| 16 | श्रीमती संगीता कंवर पत्नि हिम्मत सिंह | भू. सं. 25 व 26 महालक्ष्मी नगर | 185.87 | आवासीय | आम रास्ता | भूखण्ड सं. 24 | आम रास्ता | अन्य भूमि |
| 17 | श्री भवानी सिंह पुत्र श्री ओमकार दान | रजत जयन्ती मौहल्ला, सुभाष चौक | 178.43 | आवासीय | जेठमल सैन का भूखण्ड | गली रास्ता | गली रास्ता | आम रास्ता |
| 18 | श्री उमाराम चौधरी पुत्र श्री रामाजी | वीर दुर्गादास नगर | 161.52 | आवासीय | आम रास्ता | भेरजी नाई का मकान | आम रास्ता | भीमराज व बंशीलाल का मकान |
| 19 | श्रीमती पुष्पा पत्नि जीताराम | भू.सं.503 वीर दुर्गादास नगर | 223.04 | आवासीय | भूखण्ड सं. 501 | भूखण्ड सं. 505 | भूखण्ड सं. 504 | आम रास्ता |
| 20 | श्री नीलेश देवासी पुत्र श्री गणेशराम देवासी | वीर दुर्गादास नगर | 76.20 | आवासीय | गली रास्ता | संतोष पत्नि मोहनलाल का मकान | अन्य भूमि | आम रास्ता |
| 21 | श्रीमती मंजू पत्नि श्री गोरधनलाल | भू. सं. 32 मेव नगर, पंचायत समिति रोड़ | 141.84 | आवासीय | आम रास्ता | भूखण्ड सं. 31 | आम रास्ता | भूखण्ड सं. 33 |
| 22 | श्रीमती संगीता पत्नि श्री किशनलाल | रावणा राजपूत मौहल्ला | 73.88 | आवासीय | रमेशचन्द्र का भूखण्ड | प्यारेलाल का मकान | आम रास्ता | मिश्रिलाल घांची का मकान |
| 23 | श्री रतनलाल पुत्र श्री भानाराम | गुरुद्वारे के पीछे, सुभाष चौक | 187.36 | आवासीय | मदनलाल का भूखण्ड | चिमनलाल का मकान | आम रास्ता | आम रास्ता |
| 24 | श्री बंशीलाल पुत्र श्री शेषाराम | माली मोहल्ला | 111.52 | आवासीय | आम रास्ता | श्रवण कुमार का मकान | शान्ति देवी का मकान | मोहनलाल का मकान |
| 25 | श्री बाबुलाल चौधरी पुत्र श्री अचलाराम चौधरी | भू. सं. 168 वीर दुर्गादास नगर | 74.34 | आवासीय | मोनिका सोनी का मकान | आम रास्ता | भूखण्ड सं. 167 | आम रास्ता |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 69-क के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए व राजकीय भूमि पर दिनांक 07.05.2025 तक के अतिक्रमण इत्यादि को नियमित करने लिए नगरपालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के सम्बन्ध में कोई आक्षेप/आपत्ति है तो नोटिस के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थन दस्तावेज के साथ अपने आक्षेप/आपत्ति प्रस्तुत कर सकेगें।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप/आपत्ति के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई को आक्षेप/आपत्ति नहीं है और मामले का तद्नुसार निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 07.05.2025 को जारी की गयी।

राज.संवाद/सी/25/2101 | प्राधिकृत अधिकारी